झारखण्ड विधान सभा

दैनिक विवरणिका

चतुर्थ झारखण्ड विधान सभा — **पंचदश (बजट) सत्र**

संख्या-04 — **मंगलवार, दिनांक-22 जनवरी, 2019 ई०।**

समय-11.00 बजे पूर्वाह्न से 1.37 बजे अप० तक ।

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।)

1.कार्यस्थगन प्रस्ताव की सूचनायें:-

माननीय सदस्य, श्री नलिन सोरेन, डॉ० इरफान अंसारी तथा श्री कुणाल षडंगी द्वारा विभिन्न विषयों पर दिये गये कार्यस्थगन प्रस्ताव की सूचनाओं को आसन द्वारा नियमानुकूल नहीं होने के कारण अमान्य किया गया।

इस क्रम में झारखण्ड लोक सेवा आयोग की आहूत दिनांक-28.01.2019 से मुख्य परीक्षा को स्थगित करने की माँग विपक्ष के साथ-साथ सत्तापक्ष के माननीय सदस्यों द्वारा की जाने लगी। इस सम्बन्ध में आसन के निदेश से माननीय संसदीय कार्य मंत्री, श्री नीलकण्ठ सिंह मुण्डा ने वस्तुस्थिति को सदन में रखा। इसके उपरांत माननीय सदन नेता एवं मुख्यमंत्री, श्री रघुवर दास द्वारा सदन को आश्वस्त किया गया कि राज्य के मुख्य सचिव एवं कार्मिक सचिव आपस में विचार-विमर्श कर इसका निदान करेंगे।

(भारी शोरगुल)

2.प्रश्नकाल:-

आज के लिए निर्धारित प्रश्नों का व्यवस्थापन निम्न प्रकार से हुआ-

(i) अल्पसूचित प्रश्नों की कुल संख्या-13

(क) उत्तरित कुल-02, अ० सू०-01 श्री ढुलू महतो, स० वि० स०,

(दिनांक-18.01.2019 से स्थगित)

(इस क्रम में माननीय सदस्य, श्री ढुलू महतो माननीय मंत्री के उत्तर से संतुष्ट नहीं हो रहे थे जिसपर आसन द्वारा उन्हें संतुष्ट किये जाने हेतु असफल प्रयास किया गया, लेकिन माननीय सदस्य अपनी जिद पर अड़े रहे और अंततः आसन द्वारा उन्हें आज दिनांक-- 22.01.2019 को दिनभर के लिए सदन से मार्शल आउट कराया गया।)

अ० सू०-38 श्रीमती गीता कोड़ा, स० वि० स०।

(ख) **अनागत कुल-11,** अ० सू०-39 से अ० सू०-49 तक।

(ii) तारांकित प्रश्नों की कुल संख्या-52

(क) उत्तरित मात्र-01, तारां० -59 श्री योगेश्वर महतो, स० वि० स०।

(ख) अनागत कुल-51, तारां०-60 से तारां०-110 तक।

3.शून्यकाल:-

आज दिनांक-22.01.2019 के लिए प्राप्त शून्यकाल की सूचनाओं को पढ़ा हुआ मानकर सम्बन्धित विभागों में लिखित उत्तर के लिए प्रेषित किये जाने हेतु आसन द्वारा निदेश दिया गया।

4.ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचनायें:-

आज दिनांक-22.01.2019 को सदन में वक्तव्य हेतु लिये गये ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचनाओं को अगली तिथि को लिये जाने हेतु आसन से निदेश प्राप्त हुआ।

5.आसन से सूचना:-

आज दिनांक-22.01.2019 को दोपहर में सरकार द्वारा सभा परिसर में आयोजित सुरूचिपूर्ण भोज में सम्मिलित होने हेतु आसन द्वारा सदन को संसूचित किया गया।

6.वित्तीय कार्य:-

माननीय मुख्यमंत्री (प्रभारी योजना सह वित्त), श्री रघुवर दास द्वारा वित्तीय वर्ष-2019-20 के आय-व्ययक का उपस्थापन किया गया तत्पश्चात् उन्होंने बजट भाषण पढ़ा। अपने भाषण के दौरान माननीय मुख्यमंत्री ने वर्त्तमान सरकार के पंचम् एवं अंतिम बजट सत्र में सरकार की उपलब्धियों का विस्तार से उल्लेख किया जिसमें महिला सशक्तिकरण, कृषि, पशुपालन, मत्स्य पालन, सिंचाई, ग्रामीण विकास, शिक्षा, कौशल विकास, स्वास्थ्य, उद्योग, पर्यटन, खेलकूद, महिला बाल विकास, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण, पेयजल एवं स्वच्छता, शहरी विकास, जलमार्ग, राजकीय एवं जिला पथ, ग्रामीण पथ, ऊर्जा, खाद्य आपूर्त्ति, वन-पर्यावरण, सूचना एवं जनसम्पर्क, राजस्व, विधि एवं ई-व्यवस्था के सम्बन्ध में सरकार की ओर से किये गये कार्यो और लिये गये निर्णयों के सम्बन्ध में विस्तार से तथ्यों को समाहित किया।

माननीय मुख्यमंत्री द्वारा बजट अभिभाषण दिये जाने पर आसन द्वारा सदन की ओर से उन्हें कोटि-कोटि धन्यवाद दिया गया।

7. सभा मेज पर कागजात का रखा जाना:-

माननीय प्रभारी मंत्री, श्री अमर कुमार बाउरी द्वारा आसन के निदेश से झारखण्ड पिछड़े वर्गो के लिए राज्य आयोग अधिनियम-2002 की धारा-14 के अधीन वित्तीय वर्ष-2017-18 अवधि 01.04.2017 से 31.03.2018 तक का राज्य आयोग से प्राप्त वार्षिक प्रतिवेदन की प्रति सभा पटल पर रखी गयी। इस क्रम में आसन द्वारा इच्छा जाहिर की गयी कि चलते सत्र में माननीय मंत्री **Friendly** खेल के आयोजन माननीय मंत्री के द्वारा हो।

इसके उपरांत सभा की कार्यवाही सोमवार, दिनांक-28 जनवरी, 2019 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित की गयी ।

रॉंची,
दिनांक- 22 जनवरी, 2019 ई०।

महेन्द प्रसाद,
सचिव,
झारखण्ड विधान सभा।